FROM :DS D HR EDU FAX NO. :01412227017 28 Jun. 2007 1:08AM P1

राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप--13) विभाग

क्रमांकःप. 5(14)गृह—13/96

का.प्रशा.स/उच्च एवं तक. शिक्षा
क्रमांक 11472
दिनांक 12.11.12

जयपुर, दिनांकः 9/11/2012

समस्त संभागीय आयुक्त,
जिला कलेक्टर्स,
राजस्थान।

विषयः—दिनांक 19.11.2012 से 25.11.2012 तक "कौमी एकता सप्ताह" (राष्ट्रीय अखण्डता सप्ताह) मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत भारत सरकार, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशों की अनुपालना में निर्देशानुसार लेख है कि हमारे देश में विघटन कार्य एवं विध्वंसक ताकतें बहुत सक्रिय हो गई हैं इसलिए देशभक्ति एवं राष्ट्रीय अखण्डता की भावना पैदा करने के लिये प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 19.11.2012 से 25.11.2012 तक **"कौमी एकता सप्ताह" (राष्ट्रीय अखण्डता सप्ताह)** मनाये जाने का राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। कृपया "कौमी एकता सप्ताह" में मनाये जाने वाले कार्यक्रम संलग्न सूची के अनुसार प्रभावशाली ढंग से आयोजित करने का श्रम करें। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कार्यालयों में दिनांक 19.11.2012 को राष्ट्रीय अखण्डता की निम्नांकित शपथ ली जावे :—

**"मैं सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूं कि देश की आजादी तथा एकता बनाए रखने और उसे मजबूत करने के लिए समर्पित होकर कार्य करूंगा।"**

**"मैं यह भी प्रतिज्ञा करता हूं कि कभी हिंसा का सहारा नहीं लूंगा तथा धर्म, भाषा, क्षेत्र से संबंधित भेदभाव और झगडों और अन्य राजनैतिक या आर्थिक शिकायतों का निपटारा शांतिपूर्ण तथा संवैधानिक तरीकों से करने के लिए प्रयास करता रहूंगा।"**

यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान (गृह मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय) भी "कौमी एकता सप्ताह" के साथ ही **"साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान"** आयोजित करता है एवं 25 नवम्बर को **"झण्डा दिवस" (Flag Day)** मनाता है, जिसमें भी व्यापक प्रचार—प्रसार एवं आपका सहयोग अपेक्षित है। प्रतिष्ठान साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रोत्साहित एवं राष्ट्रीय अखण्डता को मजबूत करता है। इसके द्वारा साम्प्रदायिक, जातीय, नस्लीय या आतंकी हिंसा से अनाथ या निराश्रित बच्चों की सहायता एवं पुनर्वास हेतु वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है।

संलग्नःउपरोक्तानुसार।

भवदीय,

शासन उप सचिव

कार्यालय निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 9(युवा)अकाद/निकाशि/2012/426 दिनांकः 19 नवम्बर, 2012

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1 शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप—13) विभाग, राजस्थान, जयपुर को उनके पत्र क्रमांक प. 5 (14)13/96 दिनांक 09.011.12 के कम में।
2 शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप—3) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3 समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान उक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित करवा कर विभाग को अवगत करावें।
4 डॉ.धीरेन्द्र देवर्षि, वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राज.,जयपुर।

संयुक्त निदेशक
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

# 19 नवम्बर से 25 नवम्बर, 2012 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय अखण्डता सप्ताह) के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम

**19 नवम्बर : राष्ट्रीय अखण्डता दिवस**

धर्मनिरपेक्षता, सांप्रदायिकता विरोधी और अहिंसा संबंधी विषयों को महत्त्व देने के लिए बैठकें, विचार गोष्ठियां और सेमीनार आयोजित किए जाएं।

**20 नवम्बर : अल्पसंख्यक कल्याण दिवस**

15 सूत्री कार्यक्रम की बातों पर जोर दिया जाए। दंगा प्रभावित कस्बों में भाई–चारा बढ़ाने के लिए विशेष जुलूस निकाले जाएं।

**21 नवम्बर : भाषाई सद्भावना दिवस**

विशेष साहित्यिक समारोह और कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जाए ताकि भारत में प्रत्येक क्षेत्र के लोग एक–दूसरे की भाषाई धरोहर को समझ सकें।

**22 नवम्बर : कमजोर वर्ग दिवस**

विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तथा कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करने वाली मदों का प्रचार–प्रसार करने के लिए बैठकें और रैलियां आयोजित की जाएं और अतिरिक्त जमीन भूमिहीन मजदूरों को आवंटित करने पर जोर दिया जाए।

**23 नवम्बर : सांस्कृतिक एकता दिवस**

"विविधता में एकता" की भारतीय परम्परा को प्रस्तुत करने और सांस्कृतिक संरक्षण तथा अखण्डता को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन किया जाए।

**24 नवम्बर : महिला दिवस**

भारतीय समाज में महिलाओं के महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को उजागर किया जाए।

**25 नवम्बर : संरक्षण दिवस**

पर्यावरण सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देने के लिए बैठकों और समारोहों का आयोजन किया जाए।

---

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. प्रमुख सचिव, राज्यपाल/मुख्यमन्त्री, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव/अति० मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. समस्त प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. उप शासन सचिव, कार्मिक (ख) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. समस्त विशिष्ठ सहायक/निजी सचिव, मंत्री/राज्यमंत्री/संसदीय सचिव, राजस्थान, जयपुर।
6. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, राजस्थान।
8. निदेशक, जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि कृपया **इसका व्यापक प्रचार करने की कार्यवाही करें।**
9. उप कुलपति, समस्त विश्वविद्यालय, राजस्थान।
10. क्षेत्रीय अधिकारी, फील्ड पब्लिसिटी, भारत सरकार, जयपुर।
11. प्रभारी अधिकारी, प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो, भारत सरकार, जयपुर।
12. सचिव, राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

शासन उप सचिव

# PROGRAMMES TO BE OBSERVED DURING QAUMI EKTA WEEK
## (NATIONAL INTEGRTION WEEK FROM 19TH TO 25TH NOVEMBER, 2012)

**19TH NOVEMBER : NATIONAL INTEGRATION DAY**

MEETINGS, SYMPOSIA AND SEMINARS MAY BE HELD TO EMPHASIZE THE THEMES OF SECULARISM, ANTI-COMMUNALISM AND NON-VIOLENCE.

**20TH NOVEMBER : WELFARE OF MINORITIES DAY**

ITEMS OF THE 15-POINT PROGRAMME MAY BE EMPHASIZED. IN RIOT-PRONE TOWNS, SPECIAL FRATERNAL PROCESSIONS MAY BE TAKEN OUT.

**21ST NOVEMBER : LINGUISTIC HARMONY DAY**

SPECIAL LITERARY FUNCTIONS AND KAVI SAMMELANS MAY BE ORGANIZED TO ENABLE PEOPLE OF EACH REGION TO APPRECIATE THE LINGUISTIC HERITAGE OT OTHER PARTS OF INDIA.

**22ND NOVEMBER : WEAKER SECTIONS DAY**

MEETINGS AND RALLIES MAY BE ORGANIZED TO HIGHLIGHT ITEMS UNDER VARIOUS GOVERNMENT PROGRAMMES WHICH HELP SC & ST PERSONS AND WEAKER SECTIONS WITH PARTICULAR EMPHASIS ON THE DISTRIBUTION OF SURPLUS LAND TO LANDLESS LABOURERS.]

**23RD NOVEMBER : CULTURAL UNITY DAY**

CULTURAL FUNCTIONS MAY BE ORGANIZED TO PRESENT THE INDIAN TRADITION OF UNITY IN DIVERSITY AND FOR PROMOTING CULTURAL CONSERVATION AND INTEGRATION.

**24TH NOVEMBER : WOMEN'S DAY**

THE IMPORTANCE OF WOMEN IN INDIAN SOCIETY AND THEIR ROLE IN DEVELOPMENT OF NATION-BUILDING MAY BE HIGHLIGHTED.

**25TH NOVEMBER : CONSERVATION DAY**

MEETINGS AND FUNCTIONS MAY BE ORGANIZED TO EMPHASIZE THE GROWING NEED FOR AWARENESS AND ACTION TO CONSERVE THE ENVIRONMENT.

# 19 नवम्बर से 25 नवम्बर, 2012 तक कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय अखण्डता सप्ताह) के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम

**19 नवम्बर : राष्ट्रीय अखण्डता दिवस**

धर्मनिरपेक्षता, सांप्रदायिकता विरोधी और अहिंसा संबंधी विषयों को महत्व देने के लिए बैठकें, विचार गोष्ठियां और सेमीनार आयोजित किए जाएं।

**20 नवम्बर : अल्पसंख्यक कल्याण दिवस**

15 सूत्री कार्यक्रम की बातों पर जोर दिया जाए। दंगा प्रभावित कस्बों में भाई–चारा बढ़ाने के लिए विशेष जुलूस निकाले जाएं।

**21 नवम्बर : भाषाई सद्भावना दिवस**

विशेष साहित्यिक समारोहों और कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जाए ताकि भारत में प्रत्येक क्षेत्र के लोग एक–दूसरे की भाषाई धरोहर को समझ सकें।

**22 नवम्बर : कमजोर वर्ग दिवस**

विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तथा कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करने वाली मदों का प्रचार–प्रसार करने के लिए बैठकें और रैलियां आयोजित की जाएं और अतिरिक्त जमीन भूमिहीन मजदूरों को आवंटित करने पर जोर दिया जाए।

**23 नवम्बर : सांस्कृतिक एकता दिवस**

"विविधता में एकता" की भारतीय परम्परा को प्रस्तुत करने और सांस्कृतिक संरक्षण तथा अखण्डता को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन किया जाए।

**24 नवम्बर : महिला दिवस**

भारतीय समाज में महिलाओं के महत्व और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को उजागर किया जाए।

**25 नवम्बर : संरक्षण दिवस**

पर्यावरण सुरक्षित रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देने के लिए बैठकों और समारोहों का आयोजन किया जाए।

---